NEW AL WUROOD INTERNATIONAL SCHOOL, JEDDAH
B.E.S.T. Group of Schools, K.S.A.
Affiliated to CBSE – New Delhi, Affiliation No: 5730008

6 Worksheet-1

Subject: Hindi

Class: 6

प्र-1 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

गुरुकुल में पढ़ने वाले छात्रों की पढाई पूरी होने पर एक दिन गुरूजी ने सभी छात्रों को मैदान में इकट्ठा होने के लिए कहा। सभी शिष्य मैदान में आकर खड़े हो गए। गुरूजी ने उनसे कहा, प्रिय शिष्यों मैं चाहता हूँ कि यहाँ से जाने से पहले आप सब एक बाधा दौड़ में भाग लें। इस दौड़ में आपको एक अँधेरी सुरंग से गुजरना होगा। सभी शिष्य सुरंग से गुजरे जहाँ जगह-जगह नुकीले पत्थर पड़े थे। दौड़ पूरी होने पर गुरूजी ने कहा, कुछ शिष्यों ने दौड़ जल्दी पूरी क्र ली और कुछ ने बहुत अधिक समय लगा दिया, भला ऐसा क्यों? कुछ शिष्यों ने जवाब दिया कि रस्ते में नुकीले पत्थर थे जिन्हें हम चुनकर जेब में रखते जा रहे थे ताकि पीछे आने वालों को पीड़ा न हो। गुरूजी ने उन सभी शिष्यों को बुलाया जिन्होंने चुने थे और जिन्हें तुम पत्थर समझ रहे, वे वास्तव में बहूमूल्य हीरे हैं जिन्हें मैंने सुरंग में डाला था। ये हीरे तुम सबका उपहार है क्योंकि तुमने दूसरों की पीड़ा को समझा। यह दौड़ जिंदगी की सच्चाई को बताती है कि सच्चा विजेता वही है जो इस दौड़ती दुनिया में दूसरों का भला करते हुए आगे बढ़ता है।

(क) गुरूजी ने शिष्यों को कहाँ और क्यों बुलाया था?

(ख) शिष्यों को सुरंग में किस कठिनाई का सामना करना पड़ा?

(ग) गुरूजी ने शिष्यों को क्या दिया और क्यों?

(घ) यह दौड़ जिंदगी की कौन-सी सच्चाई बताती है?

(ड़) उपर्युक्त कहानी का उचित शीर्षक लिखिए।

प्रश्न-2. **निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए ।**

कर्तव्यनिष्ठां , बहुबाल , दायित्व , उत्सुक, अवलंबित

प्रश्न-3. **नीचे दिए गए शब्दों के विलोम शब्द लिखिए।**

उन्नति , स्वावलंबी , निर्णय , सदुपयोग , जीवन

मिठास , डरावना

प्र–4 नीचे दिए गए विशेष्य के लिए उपयुक्त विशेषण लिखिए I

क) बालक ख) सूरज ग) दिन घ) जीवन ङ) ज्ञान च) कार्य

प्रश्न–5. सही कथन के सामने सही और गलत के सामने गलत का निशान लगाइएI

क) स्वावलंबन का पर्याय निर्भरता है ( )

ख) अपना काम के लिए दूसरों पर निर्भर होना चाहिए I ( )

ग) मानव जीवन की प्राथमिक अवस्था विद्यार्थी जीवन है I ( )

घ) आत्मनिर्भर व्यक्ति उन्नति की दौड़ में कभी पीछे नहीं रहता I ( )

प्रश्न–6) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए ।

क) विद्यार्थी जीवन में स्वावलंबन का पाठ पढ़ना क्यों आवश्यक है ?

ख) एक विद्यार्थी के रूप में आपको क्या–क्या करना चाहिए ?

ग) स्वावलंबी व्यक्ति की विशेषताओं का वर्णन कीजिए I

प्रश्न–7निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए।

यदि सभी विद्यार्थी स्वावलंबन की शिक्षा का आचरण करें , तो वे जीवन में किसी भी क्षेत्र में असफल नहीं हो सकते I

प्रश्न–8) परोपकार पर 50–60 शब्दों का एक अनुच्छेद लिखिएः

प्रश्न9) –घूमनेजानेकेलिएपिताजीसेरूपएमांगतेहुए एक पत्र लिखिए।

प्रश्न–10. दिए गए चित्र के लिए चार से पाँच वाक्य लिखिए।